कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर (गुजरात)

राजभाषा पखवाड़ा एवं राजभाषा समापन समारोह का आयोजन -रिपोर्ट

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में राजभाषा पखवाड़ा- 2022 का आयोजन 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2022 तक किया गया है। राजभाषा पखवाड़े के दौरान मुख्य दरवाजे पर राजभाषा पखवाड़ा बैनर लगाया गया और रजिस्ट्रेशन हाल में आडियो सिस्टम द्वारा राजभाषा पखवाड़े के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया ।

राजभाषा पखवाड़े के दौरान हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता, हिन्दी वाक प्रतियोगिता और राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारीगण ने अत्यंत उत्साह व उमंग से हिस्सा लिया।

इस पखवाड़े के दौरान सभी कार्यालयों के कंप्युटर में हिन्दी टूल्स का इंस्टालेशन का निरीक्षण किया गया और बताया गया कि हिन्दी में टाइपिंग कितने आसान तरीके से की जा सकती हैं एवं इस दौरान अधिक से अधिक टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार व प्रपत्र जैसे कार्य मूलरूप से हिन्दी मे किए जाने पर विशेष बल दिया गया।

दिनांक 29.09.2022 को "राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह" का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता चिकित्सा अधीक्षक डॉ पी. एस. पानिक्कर द्वारा की गई और दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान सभी अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहें। उसके बाद राजभाषा प्रभारी द्वारा हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा कर चिकित्सा अधीक्षक व उप चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रमाणपत्र /पुरस्कार प्रदान किए गए । इस अवसर पर कार्यालय मे कार्यरत अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा हिन्दी राजभाषा के बारे में अपने विचार कविताओं व वक्तव्य द्वारा अभिव्यक्त किए।

चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि कोई भी देश बिना भाषा के गूंगा होता हैं और अपने विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए भाषा जरूरी हैं और कार्यालयों में जयद से ज्यादा काम हिन्दी में किए जाने का आह्वान किया। राजभाषा प्रभारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता ने किया ।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
क. रा. बी. नि. अस्पताल, अंकलेश्वर
राजभाषा पखवाड़ा, वर्ष : 2022
14 सितम्बर से 29 सितम्बर
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
अस्पताल, अंकलेश्वर गुजरात
समारोह वर्ष : 2022
29 सितम्बर